राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने जम्मू–कश्मीर के बारामूला में आतंकी हमले में शहीद हुए बिहार के दो जवानों की शहादत को नमन किया

पटना 17 अगस्त 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने जम्मू–कश्मीर के बारामूला में आतंकी हमले में शहीद हुए दो बिहारनिवासी सी॰आर॰पी॰एफ॰ जवानों– लवकुश शर्मा (जहानाबाद जिला) एवं खुर्शीद खान (रोहतास जिला) की शहादत को सादर नमन किया है।

राज्यपाल ने कहा है कि देश की राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता तथा सुरक्षा के लिए दी गईं इन दोनों बिहारनिवासी जवानों की शहादतें सदैव अविस्मरणीय बनी रहेंगी।

राज्यपाल ने कहा है कि पूरा भारतवर्ष एवं सम्पूर्ण बिहारवासी सम्बंधित दोनों शहीद–परिवारों के साथ खड़े हैं। राज्यपाल ने दोनों शहीदों की आत्मा की चिरशांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

....